धांधली | कटनी में हुई हत्या का मामला

# सैंपल भेजा था सागर, रिपोर्ट पेश की एफएसएल जबलपुर की

**जबलपुर।** एफएसएल टेस्टिंग का काम अयोग्य लोगों को सौंपा गया है और वैज्ञानिक बिना सोचे-समझे रिपोर्ट पर साइन कर रहे हैं या फिर टेस्ट करने वाले वैज्ञानिक ही अयोग्य हैं। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस ए के सिंह की युगलपीठ ने हत्या के अपराध में सजा से दंडित किये जाने के खिलाफ दायर की गयी अपील की सुनवाई करते हुए उक्त तल्ख टिप्पणी की। युगलपीठ ने खामी पूर्ण रिपोर्ट पर अतिरिक्त प्रमुख सचिव गृह विभाग तथा संचालक एफएसएल को इस संबंध में दो सप्ताह में हलफनामा पेश करने के आदेश जारी किये है। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा कि आवष्यक होने पर वह हलफ़नामा दाखिल करने से पहले रिकॉर्ड देख सकते हैं। युगलपीठ ने जांच अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से तलब किया है।

कटनी जिला न्यायालय द्वारा हत्या के अपराध में सजा से दंडित किये जाने के खिलाफ आकाश गौड



सहित पांच व्यक्तियों के द्वारा हाईकोर्ट में अपील दायर की गयी थी। युगलपीठ ने अपील पर सुनवाई के दौरान पाया कि एफएसएल जबलपुर की तरफ से पेश आर्टिकल जी की रिपोर्ट में खून होना पाया गया। कटनी पुलिस अधीक्षक द्वारा भेजे गये कम्युनिकेशन के अनुसार उक्त आर्टिकल को जांच के लिए सागर एफएसएल भेजा गया था। जिसकी टेस्टिंग रिपोर्ट एफएसएल जबलपुर के द्वारा पेश की गयी। रिपोर्ट में असिस्टेंट केमिकल एग्जामिनर डॉ. दीप्ति श्रीवास्तव के हस्ताक्षर है। जब आर्टिकल को कभी जांच के लिए भेजा ही नहीं तो जबलपुर में टेस्टिंग कैसे हुई। इससे रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर शक है। ऐसी रिपोर्ट के आधार पर इंसानी ज़िंदगी से जुड़े मामलों पर फ़ैसला नहीं किया जा सकता। युगलपीठ ने आदेश में कहा है कि उक्त टिप्पणी पेश की गयी एफएसएल की खामीपूर्ण रिपोर्ट तथा पुलिस अधीक्षक कटनी के कम्युनिकेशन के पत्र के आधार पर की गयी है। युगलपीठ ने इस संबंध में अतिरिक्त प्रमुख सचिव गृह विभाग तथा संचालक एफएसएल से हलफनामा में जवाब मांगते हुए जांच अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से तलब किया है। याचिका पर अगली सुनवाई 31 अगस्त हो निर्धारित की गयी है। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता विजीत साहू ने पैरवी की।

### 35 प्रत्याशी बाहर, दूसरे चरण की मतगणना शुरू

मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के निर्वाचन-2026 की मतगणना का प्रथम चरण पूर्ण हो गया है और इसके साथ ही द्वितीय चरण की मतगणना भी प्रारंभ हो गई है। सोमवार को एलिमिनेशन राउंड के चौथे दिन सात प्रत्याशियों का एलिमिनेशन किया गया। इस चरण में अब तक कुल 35 प्रत्याशी चुनावी दौड़ से बाहर हो चुके हैं। सोमवार को एलिमिनेट हुए प्रत्याशियों में क्रमांक 38 गायत्री सुर्वे (ग्वालियर), 45 कैलाश सिंह पटेल (सागर), 79 राजेंद्र कुमार जायसवाल (सीधी), 16 अर्पित मुदगल शर्मा (भिंड), 114 स्वदीप सिंह (रीवा), 49 लक्ष्मी मीना (भोपाल) और 11 अनिता कैथवास (जबलपुर) शामिल हैं।एलिमिनेशन के बाद इन प्रत्याशियों के मतपत्रों में दर्ज मतों को निर्वाचन प्रक्रिया के अनुसार द्वितीय वरीयता के प्रत्याशियों को अंतरित कर दिया गया। मतों के इस अंतरण के साथ द्वितीय चरण की मतगणना आगे बढ़ रही है। अब तक की मतगणना में पुरुष प्रत्याशियों में विवेक सिंह, आर .के . सिंह सैनी, अखिलेश कुमार सक्सेना, नरेंद्र कुमार जैन एवं जय हार्डिया को बढ़त प्राप्त हुई है। वहीं महिला प्रत्याशियों में अन्नू पटेल, प्रवीण तिवारी, प्रतीका पाठक, रश्मि ऋतु जैन एवं अंजना कुरारिया बढ़त बनाए हुए हैं।

### भोपाल की पूर्व जज गिरिबाला की जमानत पर सुनवाई टली

भोपाल के बहुचर्चित ट्विशा शर्मा डेथ केस में आरोपी सास पूर्व जज गिरिबाला सिंह की नियमित जमानत अर्जी पर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की एकलपीठ के समक्ष प्रकरण का नंबर नहीं आ पाने के कारण सुनवाई टल गई। मामले में अब 12 अगस्त को सुनवाई होने की संभावना है। दरअसल गिरिबाला सिंह ने भोपाल की ट्रायल कोर्ट से जमानत अर्जी खारिज होने के बाद हाईकोर्ट में नियमित जमानत अर्जी दायर की है। भोपाल कोर्ट ने 25 जुलाई को उनकी जमानत अर्जी निरस्त कर दी थी। इधर मृतिका ट्विसा शर्मा के पिता ने आरोपी सास की जमानत का विरोध करते हुए हाईकोर्ट में आपत्ति आवेदन पेश किया है।

# न्याय की आस रखने वालों के लिए अदालत अंतिम केंद्र





**जबलपुर।** वकालत के अनुभव से न्यायाधीश की संवैधानिक जिम्मेदारी तक पहुंचे जस्टिस अमित लाहोटी ने सोमवार को शपथ गृहण के साथ अपना पदभार संभाला। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बार से बेंच में स्थान मिलना महज पद परिवर्तन नहीं है। इसके साथ गहन दायित्वबोध भी जुड़ता है। हाईकोर्ट जज का पद संवैधानिक ट्रस्ट का पद है, क्योंकि न्याय की अपेक्षा रखने वाले व्यक्ति के लिए अदालत उसकी आशा का अंतिम केंद्र होती है।

कोर्ट नंबर-एक में आयोजित हुए उक्त समारोह में उन्होंने कहा कि न्यायपालिका की गरिमा को बनाए रखने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखूंगा। उन्होंने अपने माता-पिता के संस्कारों को भी याद किया। उन्होंने कहा कि माता-पिता ने हमेशा सिखाया कि परिस्थितियां अनुकूल हों तो धरातल पर रहना चाहिए और

**नवागत जस्टिस अमित लाहोटी ने पदभार ग्रहण कर कहा**

जब परिस्थितियां विपरीत हों तो पूरी ताकत के साथ उनका सामना करना चाहिए। उनके इस मार्गदर्शन को वह न्यायाधीश के रूप में भी अपने आचरण का आधार बनाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने अपने संबोधन में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ग्वालियर के प्रति विशेष कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि संस्था ने उन्हें बहुत कुछ सिखाया और उनके व्यक्तित्व के निर्माण में उसकी भूमिका अविस्मरणीय रही है। बार से बेंच तक पहुंचे जस्टिस लाहोटी के संबोधन में अपने पेशेवर सफर के प्रति कृतज्ञता और न्यायिक दायित्व के प्रति संकल्प दोनों स्पष्ट दिखाई दिए।

### एसीजे विवेक रूसिया ने दिलाई शपथ

मप्र हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विवेक रूसिया ने कोर्ट रूम नंबर-एक में जस्टिस अमित लाहोटी को अतिरिक्त न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। इससे पूर्व रजिस्ट्रार जनरल धरमिंदर सिंह ने उनकी नियुक्ति संबंधी पत्र का वाचन किया। समारोह में असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल सुनील जैन ने केंद्र शासन, महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने राज्य शासन, अतिरिक्त महाधिवक्ता हितेंद्र एस कुशवाहा ने मप्र स्टेट बार काउंसिल, अमित जैन ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जबलपुर के कार्यकारी अध्यक्ष, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल ने हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जबलपुर के अध्यक्ष तथा उमाकांत शर्मा ने सीनियर एडवोकेट्स काउंसिल के अध्यक्ष के रूप में जस्टिस अमित लाहोटी के व्यक्तित्व और कृतित्व को रेखांकित किया।

# प्रदर्शन के दौरान हुई थी तोड़फोड़, एफआईआर दर्ज

**नवनिर्मित सुलभ शौचालय की सीलिंग गिरने के बाद कांग्रेस ने किया था प्रदर्शन**

**नवभारत, जबलपुर।** लार्डगंज थाना अंतर्गत गंजीपुरा मोड पर 8 अगस्त को नव नर्मित सुलभ शौलचाय की सीलिंग गिरने पर पूर्व विधायक के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया था। शौचालय में प्रदर्शन के दौरान जमकर तोड़फोड़ की गई।

शौचालय की टाइल्स, खिड़कियां और सीलिंग को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। मामले में नगर निगम उपयंत्री की लिखित शिकायत पर अब लॉर्डगंज पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ शासकीय संपति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक नगर निगम संभाग क्रमांक-05 के उपयंत्री संदीप पांडे निवासी संजीवनी नगर ने शिकायत दर्ज कराई कि लॉर्डगंज चौराहे पर स्थित सार्वजनिक शौचालय में लगी फाल सीलिंग वेंटिलेशन से पानी रिस रहा था। इस वजह से उसकी फॉल सीलिंग का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। सुधार कार्य कराने के उद्देश्य से शौचालय के मुख्य गेट पर बाकायदा सूचना बोर्ड लगाया गया था और उसे आम जनता के लिए अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया था। 8 अगस्त 2026 को दोपहर लगभग 1:30 बजे पूर्व विधायक विनय सक्सेना के नेतृत्व में सचिन रजक और करीब 50 से 60 लोग लॉर्डगंज चौराहे पर एकत्रित हुए। इन लोगों ने बंद शौचालय का गेट जबरन खोला और अंदर-बाहर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। क्षेत्रीय नागरिकों से सूचना मिलने पर जब प्रदर्शन खत्म होने के बाद उपयंत्री मौके पर पहुंचे, तो वहां का नजारा बदला हुआ था।

अज्ञात प्रदर्शनकारियों ने शौचालय के अंदर की टाइल्स, सीलिंग वॉल और खिड़कियां तोड़ दी थीं। इस उपद्रव के कारण नगर निगम की शासकीय संपत्ति को करीब 50,000 रुपये का नुकसान पहुंचा है।

### चाकूबाजी में पांच घायल

**नवभारत, जबलपुर।** शहर में बेखौफ चाकूबाजों ने फिर वारदातों को अंजाम देते हुए पांच लोगों का लहू बहाया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। लार्डगंज पुलिस बताया कि कछपुरा ब्रिज के पास अनुज पटेल को शराब पीकर काम करने से मना करने पर, उसने अपने साथी के साथ मिलकर ठेकेदार नीरज ठाकुर को रोका और चाकू से हमला किया। इसी प्रकार कैंट पुलिस बताया कि ग्वारीघाट से लौट रहे 16 वर्षीय आलोक श्रीवास को चौथा पुल के पास आरोपी निहाल ग्रानिया ने रोका। शराब के लिए 500 न देने पर आलोक की मोटरसाइकिल तोड़ी और उस पर चाकू मार दिया। गोहलपुर पुलिस ने चांद कुरैशी जब अपने भाई के ऑफिस में था,

# जेल में बंद बदमाश चला रहा था हथियारों का सिंडिकेट

### 3 पिस्टल और कारतूस के साथ युवक दबोचा

**नवभारत, जबलपुर।** अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त करने वाले नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए लॉर्डगंज पुलिस ने बीती रात एक शातिर युवक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी जेल में एन एस ए में बंद शहर के कुख्यात बदमाश लकी पटेल के इशारे पर हथियारों की तस्करी कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से 3 अवैध देशी पिस्टल और 3 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली अखिलेश गौर ने बताया कि जेडीए बिल्डिंग शताब्दीपुरम के पास पुलिस ने घेराबंदी कर प्रेमलाल उर्फ संदीप सोनी (21), निवासी काली मंदिर के पास, शांतिनगर दमोहनाका को दबोचा गया। जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली, तो दंग रह गई। आरोपी के हाथ में मौजूद कपड़े के थैले से 2 देशी पिस्टल मिलीं। वहीं, उसकी जींस पैंट में दाहिनी तरफ 1 अन्य देशी पिस्टल खोंसी हुई थी। जेब की तलाशी लेने पर 3 जिंदा कारतूस और 1 हजार रुपये नगद बरामद हुए। आरोपी प्रेमलाल से जब हथियारों के स्रोत के बारे में कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उसने शहर के कुख्यात अपराधी लकी पटेल का नाम उगला। प्रेमलाल ने कबूल किया कि यह हथियार उसने लकी पटेल से ही खरीदे थे।

उसने यह भी खुलासा किया कि वह पूर्व में भी लकी से इसी तरह के अवैध हथियार लाकर बाजार में बेच चुका है। केंद्रीय जेल में बंद लकी पटेल पर दर्ज है बीस अपराध- टीआई नवल आर्य ने बताया कि इस नेटवर्क का मुख्य सूत्रधार लकी पटेल एक बेहद शातिर और आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ हत्या का प्रयास, अवैध वसूली, फायर आर्म्स और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम जैसे गंभीर अपराधों के कुल 20 मामले पहले से दर्ज हैं। लगातार अपराध करने के कारण पुलिस ने कुछ दिनों पहले ही लकी पटेल पर एन.एस.ए. के तहत कार्रवाई कर उसे केंद्रीय जेल जबलपुर में बंद कराया है।

### एक नजर में
## यात्री आय में 13.66 प्रतिशत का इजाफा

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, भोपाल और कोटा मंडलों में यात्री यातायात से होने वाली आय में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। चालू वित्त वर्ष के जुलाई माह में पश्चिम मध्य रेल ने यात्री यातायात से 238 करोड़ 21 लाख रुपये का ऑरिजिनेटिंग राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त 209 करोड़ 58 लाख रुपये की तुलना में 13.66 प्रतिशत अधिक है। जुलाई में आरक्षित टिकटों से 168 करोड़ 44 लाख रुपये और अनारक्षित टिकटों से 69 करोड़ 78 लाख रुपये की आय हुई। इस दौरान कुल 101 लाख 49 हजार यात्रियों ने यात्रा की, जिनमें 27 लाख 31 हजार आरक्षित और 74 लाख 18 हजार अनारक्षित यात्री शामिल रहे। यात्रियों की संख्या में भी पिछले वर्ष की तुलना में 9.19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मंडलवार आय में भोपाल मंडल ने 97 करोड़ 42 लाख, जबलपुर मंडल ने 89 करोड़ 50 लाख और कोटा मंडल ने 51 करोड़ 29 लाख रुपये का योगदान दिया।



### कोलकाता फ्लाइट का बंगाली समाज ने किया स्वागत

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर से कोलकाता के बीच 8 अगस्त से प्रारंभ हुई पहली सीधी हवाई सेवा का बंगाली समाज ने पुष्पगुच्छ भेंट कर और मिठाई बांटकर स्वागत किया। यह सीधी उड़ान जबलपुर से प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को सप्ताह में तीन दिन संचालित होगी, जिससे बंगाली समाज द्वारा कई दिनों से की जा रही मांग आखिरकार पूरी हो गई है। इस बहुप्रतीक्षित हवाई संपर्क के शुरू होने पर बंगाली समाज ने सांसद आशीष दुबे का विशेष रूप से धन्यवाद दिया और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुब्रत पाल, दीपांकर बनर्जी, प्रकाश शाहा, तृष्णा चटर्जी, निलाद्री चटर्जी, टोपी सेनगुप्ता, प्रसन्नजीत चटर्जी और देवाशीष विश्वास प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### जीवन में वेदना के साथ है आनंद : डॉ. नरसिंहदेवाचार्य



**नवभारत, जबलपुर।** भगवान शिव का स्वरूप देखने में बड़ा ही प्रतीकात्मक और संदेशप्रद है।भगवान शिव के हाथों में त्रिशूल दैहिक,दैविक और भौतिक तीनों तापों का प्रतीक है।भगवान शिव के हाथों में केवल त्रिशूल ही नहीं है अपितु जो त्रिशूल है,उसमें भी डमरू बँधा हुआ है।त्रिशूल वेदना का तो डमरू आनंद का प्रतीक है।जीवन ऐसा ही है,यहाँ वेदना तो है ही मगर आनंद भी कम नहीं है। आज आदमी अपनी वेदनाओं से ही इतना ग्रस्त रहता है,कि आनंद उसके लिए एक काल्पनिक वस्तु मात्र रह गई है।दु:खों से ग्रस्त होना यह अपने हाथों में नहीं मगर दु:खों से त्रस्त होना यह अवश्य अपने हाथों में है।भगवान शिव के हाथों में त्रिशूल और उसके ऊपर लगा डमरू हमें इस बात का संदेश देते हैं कि भले ही त्रिशूल रुपी तीनों तापों से तुम ग्रस्त हों मगर डमरू रुपी आनंद भी साथ होगा तो फिर नीरस जीवन भी उमंग और उत्साह से भर जाएगा,उक्त उद्गार जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज ने नरसिंह मंदिर में श्रावण मास महोत्सव के द्वितीय श्रावण सोमवार को रुद्राभिषेक में कहे।

# दिन में नहीं शाम को खिली धूप, रात में शुरू हुई रिमझिम

**सीजन में बारिश का आंकड़ा 346 मिमी पार**

**जबलपुर।** मौसम के बदलते मिजाज के बीच सोमवार को शहर का मिजाज पूरी तरह बदला नजर आया। सुबह से ही आसमान में काले-घने बादलों का डेरा जमा रहा, जिससे ठंडी हवाओं के साथ रुक-रुक कर फुहारें बरसती रहीं। दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली और शाम करीब साढ़े चार बजे बादलों की ओट से धूप निकल आई। हालांकि, यह बदलाव ज्यादा देर नहीं टिका। रात होते ही आसमान में एक बार फिर काले बादल उमड़ पड़े और रिमझिम बारिश का दौर शुरू हो गया, जिससे पूरी रात मौसम सुहाना बना रहा। सीजन में बारिश का आंकड़ा 346 मिमी पार हो गया है । मौसम विभाग ने चौबीस घंटे में 30 से 40 किमी की रफ्तार से हवाएं चलने, भारी वर्षा की चेतावनी का अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग की माने तो चक्रवातीय परिसंचरण अब माध्य समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊँचाई तक फैला हुआ है जो ऊँचाई के साथ दक्षिण की ओर झुका हुआ है। ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण, उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे क्षेत्रों के ऊपर बना हुआ माध्य समुद्र तल से 7.6 किमी की ऊँचाई तक फैला हुआ है, जो ऊँचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका हुआ है। इसके प्रभाव से, 12 अगस्त के आसपास इसी क्षेत्र में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। सोमवार को अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### कोर्ट परिसर में युवक के पास मिला चाकू

**नवभारत, जबलपुर।** जिला न्यायालय परिसर के गेट नंबर-3 पर पुलिस टीम ने सघन चेकिंग के दौरान एक युवक को पकड़ा, जिसके पास से एक धारदार चाकू बरामद हुआ है। जानकारी अनुसार सुरक्षा के लिहाज से जिला न्यायालय के गेट नंबर-3 पर आने-जाने वाले हर व्यक्ति की सख्त तलाशी ली जा रही थी। इसी दौरान पुलिसकर्मियों को एक युवक की हरकतें संदिग्ध लगीं। पुलिस ने जब उसे रोककर उसकी तलाशी ली, तो उसकी जेब से अवैध धारदार चाकू निकला। पुलिस ने चाकू को जब्त कर युवक को तुरंत हिरासत में ले लिया। पुलिसपूछताछ में पकड़े गए युवक की पहचान अनमोल बेन पिता जालीम सिंह बेन 26 वर्ष निवासी ईसाई मोहल्ला गोरखपुर के रूप में हुई जो कोर्ट में चल रहे किसी मामले में अपनी जमानत की कानूनी कार्रवाई के सिलसिले में न्यायालय पहुंचा था। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है । आरोपी पर दस अपराध है दर्ज उल्लेखनीय है कि पकड़ा गया आरोपी अनमोल बेन आपराधिक प्रवृति का है जिसके खिलाफ, अवैध वसूली, विस्फोटक पदार्थ, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, मारपीट सहित पूर्व से 10 अपराध दर्ज हैं।

# 25 लाख रुपए का गबन, 6 मैनेजरों पर एफआईआर दर्ज

**ग्राहकों की किश्तों को डकार गए**

**नवभारत, जबलपुर।** सिहोरा स्थित भारत फानेंशियल कंपनी में आधा दर्जन संगम मैनेजरों ने ग्राहकों की किश्त लेकर डकार गए और लगभग 25 लाख रूपए का गबन किया ।मामले में पुलिस ने रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक सिहोरा बड़गैया स्थित भारत फानेंशियल कंपनी द्वारा महिलाओं को सामूहिक लोन का फायनेंस कम्पनी के द्वारा किया जाता है किश्तों की वसूली कंपनी के संगम मैनेजर गांव-गांव जाकर समूहों को दिये गये लोन कि किस्त लेते हैं, और कम्पनी में जमा करते है। शाखा के संगम मैनेजर कृष्णकुमार उर्फ कृष्णा पाण्डेय निवासी वार्ड नम्बर 5 चण्डिका देवी नगर थाना कुठना जिला कटनी के द्वारा कम्पनी के 52 ग्राहकों से 9 जनवरी 25 से 7 जून 25 तक का कुछ किश्त का पैसा लेकर आया और कुल रकम 12,04,931 रुपये कम्पनी में जमा नहीं किया गया ।इसी प्रकार संगम मैनेजर सौरभ सेन निवासी ग्राम मटिया कुई थाना पनागर के द्वारा नें 37 ग्राहकों से की किश्त की कुल रकम 8,59,601 रुपये कम्पनी में जमा नही की।

इसके अलावा संगम मैनेजर अतुल कुमार बैरागी निवासी वार्ड नम्बर 78 रांझी के द्वारा नें 5 ग्राहकों से किस्त का पैसा लेकर कुल रकम 40,974 रुपये कम्पनी में जमा नही किया, इसी प्रकार संगम मैनेजर आकाश सिंह गौंड ठाकुर निवासी ग्राम पिपरिया जुगराज पंचायत कलेहरा पिपरिया दमोह के द्वारा नें 28 ग्राहकों से 4,01,039 रुपये लिए गए। संगम मैनेजर पवन कुमार कुशवाहा निवासी सतना के द्वारा नें 3 ग्राहकों से 38,000 रुपये लिए गए। संगम मैनेजर बृजेस सिंह निवासी दमोह द्वारा नें 2 ग्राहकों से 19225 रुपये लिए गए और सभी ने रकम को कम्पनी में जमा नहीं

### ऐसे फर्जीवाड़ा हुआ उजागर

संगम मैनेजरो द्वारा महिला ग्राहकों से लोन की किशत का पैसा वसूल करके कंपनी में जमा नहीं किये न ही महिला सदस्यों को इसकी जानकारी दी और ना ही कम्पनी को कोई सूचना दी। फर्जीवाड़े का पता उस वक्त चला जब कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने खातों का मिलान किया। जांच के दौरान ग्राहकों के बयान दर्ज। ग्राहकों की स्वीकृत लोन के स्टेटमेंट और उनके द्वारा जमा की गई किश्तों के दस्तावेजों की स्क्रूटनी की गई तो पाया गया कि मैनेजरों ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए की सिहोरा ब्रान्च में जमा करने का विश्वास देकर महिलाओं से उनके लोन की किश्तों को लिया और हड़प गए।

चौकसी | स्वतंत्रता दिवस के पूर्व सुरक्षा के लिए एहतियात

# 14 अगस्त तक दिल्ली के लिए पार्सल सेवा बंद



**जबलपुर।** स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर रेलवे ने दिल्ली क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए पार्सल परिवहन पर अस्थायी रोक लगाने का निर्णय लिया है। आज यानि 11 से 14 अगस्त तक जबलपुर सहित अन्य स्टेशनों से दिल्ली क्षेत्र के लिए पार्सल की बुकिंग और डिलीवरी नहीं की जाएगी।

इस निर्णय का सीधा असर दिल्ली सामान भेजने वाले यात्रियों और कारोबारियों पर पड़ेगा। रेलवे के मुताबिक नई दिल्ली, दिल्ली, हजरत निजामुद्दीन, आनंद विहार टर्मिनल, दिल्ली सराय रोहिल्ला और आदर्श नगर समेत दिल्ली के छह प्रमुख स्टेशनों पर पार्सल की बुकिंग एवं डिलीवरी इस अवधि में पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी।

**प्रभावित होगी बुकिंग**

चार दिनों तक लागू रहने वाले इस प्रतिबंध के कारण जबलपुर से दिल्ली भेजे जाने वाले सामान्य पार्सल और अन्य सामान की बुकिंग भी प्रभावित होगी। रेलवे ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान संभावित सुरक्षा चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए दिल्ली क्षेत्र की ओर पार्सल की आवाजाही को अस्थायी रूप से रोकने का फैसला किया है। ऐसे में यात्रियों और व्यापारियों को 11 से 14 अगस्त के बीच दिल्ली भेजे जाने वाले सामान की बुकिंग से पहले रेलवे के पार्सल नियमों का ध्यान रखना होगा, ताकि उन्हें स्टेशन पर किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### इन कोचों को रखा दायरे में

रेलवे ने सामान्य पार्सल के साथ-साथ लीज्ड एसएलआर, एजीसी और वीआईपी कोच के माध्यम से होने वाले पार्सल परिवहन को भी प्रतिबंध के दायरे में रखा है। यानी इन माध्यमों से भी दिल्ली क्षेत्र की ओर सामान भेजने की अनुमति नहीं होगी। स्वतंत्रता दिवस के बाद पार्सल सेवाओं को सामान्य व्यवस्था के अनुसार बहाल किया जाएगा। रेलवे का यह कदम सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, ताकि 15 अगस्त के दौरान दिल्ली क्षेत्र में ट्रेनों और प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सके।

### बाइक ने मारी टक्कर, दो घायल

**जबलपुर।** कुण्डम थाना अंतर्गत कल्याणपुर पोल्ट्री फार्म के पास एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक ने आगे जा रही बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया गया है।


OFFICE OF THE DEAN
COLLEGE OF AGRICULTURE JAWAHAR LAL NEHRU
KRISHI VISHWA VIDYALAYA JABALPUR (M.P.) 482004
WALK-IN-INTERVIEW

Eligible candidates may appear for "Walk in interview" for the post of one Senior Research Fellow and two Field Assistant under the project entitled "Strengthening of infrastructure facilities at SRS Bohani for production of quality planting materials of Sugarcane" and one Junior Research Fellow under the project entitled "Enhancing Sugar Recovery in Sugarcane through Azotobacter-Based Bioformulation Interventions" on time-bound/contractual basis with the original documents and two sets of application form (with attested photograph and photocopies of documents) on 18.08.2026 at 11:00 am.
Place of the Interview:- Office of the Dean, College of Agriculture, JNKVV, Jabalpur (M.P.) 482004. Details and format for application can be obtained from http://www.jnkvv.org
IPRO/SRS/BOHANI/2026/100



कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय
आफिस काम्पलेक्स (बी) ब्लाक, गौतम नगर, भोपाल-23
क्रमांक/तक/निजी.क.हा.के./2026-27/2031 भोपाल, दिनांकः 10/08/2026
निजी क्षेत्र में कृषि यंत्र किराये की दुकान (CHC) स्थापित करने हेतु आवेदनों के आमंत्रण की सूचना (वर्ष 2026-27)
संशोधन-1
संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी के पत्र क्रमांक/तक/निजी.क.हा.के./2026-27/1979 (विस्तृत) दिनांक 05/08/2026 द्वारा निजी क्षेत्र में कृषि यंत्र किराये की दुकान (CHC) स्थापित करने हेतु आवेदनों के आमंत्रण की सूचना (वर्ष 2026-27) के पात्रता एवं शर्तें के बिन्दु क्रमांक-23 के "एक ईकाई में रखी जाने वाली सामग्री/उपकरण निम्नानुसार होगी" की श्रेणी क्रमांक-(स) एवं (द) में धार जिले को भी जोड़ा जाता है।
नोट- शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।
स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता
जी-16967/26
संचालक
कृषि अभियांत्रिकी
म.प्र. भोपाल



कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर
द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | PRO-466 Date-11/08/2026 2026_UAD_527023_1 | रानी अवंती बाई वार्ड 67 के अंतर्गत जमतरा स्थित खिरैनीघाट का निर्माण कार्य।(महापौर मद) | 04 Month 75.51 | 10000.00 56637.00 | 27/08/2026 |
| 2. | PRO-466 Date-11/08/2026 2026_UAD_527023_2 | रानी अवंती बाई वार्ड 67 के अंतर्गत परसवाड़ा में सी.सी. नाली एवं पुलिया का निर्माण कार्य।(अध्यक्ष मद) | 02 Month 08.44 | 2000.00 8446.00 | 27/08/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम जबलपुर